वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :4 अंक : 77 गुरुवार 11 जुलाई 2024 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

# दीया की रोशनी से जगमग हुआ राजस्थान

*भजनलाल सरकार का पहला फुल बजट पेश करते हुए वित्त मंत्री दीया कुमारी ने विधानसभा में 2 घंटे 51 मिनट लंबा भाषण दिया। अपने पहले बजट भाषण में दीया कुमारी ने युवाओं, महिलाओं, किसानों के लिए कई बड़ी घोषणाएं कीं। सरकार आने वाले 5 साल में 4 लाख से ज्यादा नई नौकरी देगी। वहीं, पंचायत के चुनाव एक साथ कराए जाएंगे। एससी-एसटी वर्ग में आने वाले सरकारी कर्मचारियों को सस्ता लोन भी दिया जाएगा। सेल्फ हेल्प ग्रुप के साथ काम करने वाली महिलाओं को भी सरकार कम ब्याज में लोन देगी, जबकि राजस्थान के स्कूली स्टूडेंट का मेरिट में आने पर टैबलेट और फ्री इंटरनेट की भी घोषणा की गई है।*




जयपुर. कासं

वित्त मंत्री दीया कुमारी ने बुधवार को विधानसभा में भजनलाल सरकार का पहला फुल बजट पेश किया। इसमें प्रदेश में 15 लाख महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके तहत 15 लाख महिलाओं को एक-एक लाख रुपए का लोन छोटे उद्योग-व्यापार के लिए दिया जाएगा। दरअसल, भाजपा की केंद्र सरकार ने एक साल पहले के केंद्रीय बजट में लखपति दीदी योजना की घोषणा की थी। तभी योजना बनाई थी कि जिस-जिस राज्य में भाजपा की सरकार होगी, वहां राज्य स्तर पर भी लखपति दीदी योजना लागू की जाएगी।

## जयपुर एयरपोर्ट की बढ़ेगी क्षमता ...

जयपुर हवाई अड्डे टर्मिनल की यात्री क्षमता 50 लाख से बढ़ाकर 70 लाख की जाएगी। बाड़मेर के उतरलाई में सिविल एयरपोर्ट की सुविधाओं के लिए फ्री जमीन देने की घोषणा की गई। कोटा में ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट बनेगा।

## प्रदेश में बनेंगे अब 6 नए ट्रॉमा सेंटर बनेंगे

10 ट्रॉमा सेंटर्स को ऑपरेशनल किया जाएगा। जयपुर, कोलाना, बांदीकुई, दौसा, पाली, प्रतापगढ़, सांडेराव सहित 6 नए ट्रॉमा सेंटर बनेंगे। 25 नई एडवांस लाइफ सपोर्ट एंबुलेंस दी जाएंगी। एक्सीडेंट में घायलों की जान बचाने वालों को अब 10 हजार प्रोत्साहन राशि मिलेगी। पहले यह राशि 5000 रुपए थी।

## बुनियादी सुविधाएं होंगी विकसित

**ट्रैफिक सिस्टम को मैकेनाइज करने के लिए 150 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। 1300 करोड़ रुपए की लागत से कमजोर लोगों के लिए मकान और बुनियादी सुविधाएं विकसित की जाएंगी। प्रदेश के सभी नगरीय निकाय क्षेत्र के पब्लिक प्लेस में महिलाओं के लिए बायो टॉयलेट बनाए जाएंगे। पहले फेज में नगर निगम और नगर परिषद क्षेत्र में टॉयलेट कॉम्पलेक्स बनाए जाएंगे। जयपुर मेट्रो का विस्तार करने के लिए जयपुर मेट्रो को केंद्र के साथ जॉइंट वेंचर में बदला जाएगा।**

## 4000 नर्सिंगकर्मियों के नए पद सृजित

27 हजार करोड़ का रुपए का प्रावधान स्वास्थ्य के लिए किया गया। यह पूरे बजट का 8.26 प्रतिशत है। आयुष्मान भारत योजना की तरह मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य (मां) योजना शुरू होगी। आईपीडी के साथ डे केयर पैकेज जुड़ेगा। शिशुओं और छोटे बच्चों के इलाज के लिए नए पैकेज जोड़े जाएंगे। छोटे स्थानों पर प्राइवेट हॉस्पिटल के इंपैनलमेंट के नियमों में रियायत दी जाएगी। गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच के लिए मां योजना के तहत वाउचर दिया जाएगा। हर विधानसभा क्षेत्र में एक आयुष्मान मॉडल सीएचसी शुरू होगा। यहां मॉच्युरी बनाई जाएगी। अस्पतालों के लिए मां हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन शुरू होगा। इसके तहत 15 हजार करोड़ के काम करवाए जाएंगे। 1500 डॉक्टरों और 4000 नर्सिंगकर्मियों के नए पद सृजित होंगे।

## महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी बनेगी

250 करोड़ रुपए से महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी बनेगी। संभागीय स्तर पर स्पोर्ट्स कॉलेज बनेंगे। 50-50 करोड़ रुपए खर्च होंगे। वन डिस्ट्रिक्ट-वन स्पोर्ट स्कीम लागू होगी। प्रत्येक जिले में प्रचलित खेलों की एकेडमी स्थापित होगी। खेल आधुनिकीकरण मिशन बनेगा। 475 करोड़ की बजट राशि दोगुना होगी। पदक विजेता खिलाड़ियों के लिए स्पोर्ट्स लाइफ इंश्योरेंस योजना शुरू होगी, 25 लाख का कवर मिलेगा। उत्कृष्ट खिलाड़ियों को ट्रेनिंग देने के लिए एसएमएस स्टेडियम में फिटनेस कैंप खोला जाएगा। ग्राम पंचायत स्तर पर ओपन जिम और खेल मैदान बनाए जाएंगे। पहले चरण में 10 हजार से अधिक आबादी वाली पंचायतों में यह सुविधा विकसित की जाएगी। खेलो इंडिया की तर्ज पर ब्लॉक, जिला व राज्य स्तर पर खेलो राजस्थान यूथ गेम्स का आयोजन हर साल होगा। इसके लिए हर साल 50 करोड़ खर्च होंगे। राजस्थान यूथ आइकॉन अवॉर्ड दिया जाएगा। युवा महोत्सव आयोजित होगा।

## कर्मचारी: अब बढ़ी हुई दरों पर मिलेगी फैमिली पेंशन

संविदा कर्मचारियों को अब दो बार 1 जनवरी और 1 जुलाई से इंक्रीमेंट दिया जाएगा। आरजीएचएस में अब सरकारी कर्मचारी माता-पिता या सास-ससुर का भी इलाज करवा सकेंगे। कर्मचारियों की सर्विस में रहते मौत होने पर अब 10 साल तक बढ़ी हुई दरों पर फैमिली पेंशन दी जाएगी। यह 1 अप्रैल 2024 से लागू मानी जाएगी। सरकारी कर्मचारियों की ग्रेच्युटी की सीमा 20 लाख से बढ़ाकर 25 लाख करने की घोषणा। पेंशनर्स अब 50 हजार तक इलाज करा सकेंगे।

## मिलेगा सस्ता लोन

गोविंद गुरु जनजाति विकास योजना शुरू करने की घोषणा, इस योजना के तहत आदिवासियों के विकास के काम होंगे। वन अधिकार के तहत पट्टे दिए जाएंगे। प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को 25 हजार का अतिरिक्त अनुदान देने की घोषणा। पाक विस्थापितों को प्रति परिवार एक लाख रुपए की सहायता दी जाएगी। स्ट्रीट वेंडर्स के लिए सीएम स्वनिधि योजना शुरू होगी। बाबासाहब अंबेडकर आदर्श ग्राम योजना की घोषणा। एससी-एसटी के कर्मचारियों को रियायती दर पर ऋण उपलब्ध कराया जाएगा। 100 करोड़ रुपए का प्रावधान। ईडब्ल्यूएस के लोगों को स्वरोजगार के लिए सस्ते दर पर कर्ज उपलब्ध करवाया जाएगा। इसके लिए 25 करोड़ का प्रावधान किया गया। वहीं हर विधानसभा में 5 नए आंगनबाड़ी केंद्र खोले जाएंगे। आदिवासी समुदाय के बच्चों के लिए 250 नई मां बाड़ी खोली जाएगी। आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों को 3 दिन दूध दिया जाएगा। दूध पाउडर के लिए 200 करोड़ रुपए खर्च होंगे। जिला स्तर पर कामकाजी महिलाओं के लिए हॉस्टल बनेंगे। 35 करोड़ खर्च होंगे। ब

## रोजगार: 10 लाख से ज्यादा अवसर उपलब्ध होंगे

वित्त मंत्री ने बजट में 4 लाख नई भर्तियों की घोषणा की। ये सभी भर्तियां 5 साल में की जाएंगी। साथ ही सरकार नई युवा नीति भी लाएगी। 10 लाख से ज्यादा रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने की घोषणा। स्टूडेंट्स के लिए नए इंटर्नशिप प्रोग्राम शुरू किए जाएंगे। 1.50 लाख से ज्यादा युवाओं को स्किल डेवलपमेंट की ट्रेनिंग दी जाएगी। युवाओं के लिए अटल उद्यमी योजना लाई जाएगी। स्टार्टअप्स के लिए 25 करोड़ रुपए से विशेष प्रोग्राम शुरू किए जाएंगे। कॉलेज में बिजनेस इनोवेशन प्रोग्राम चलेगा, इस पर 20 करोड़ रुपए खर्च होंगे।

## पुलिस : 5500 नए पदों का सृजन

पुलिस में 5500 नए पद सृजित करने की घोषणा। जयपुर, जोधपुर, कोटा के साथ 1 लाख से ज्यादा आबादी वाले शहरों में 1500 अतिरिक्त ट्रैफिक वॉलंटियर लगाए जाएंगे। पुलिस को 750 मोटरसाइकिल और 500 हल्के वाहन दिए जाएंगे। वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट के तहत नई पॉलिसी लाई जाएगी। इसके लिए हर साल 100 करोड़ का बजट होगा। स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए लोकल फोर लोकल के तहत प्रोत्साहन दिया जाएगा। नई एमएसएमई पॉलिसी 2024 लाई जाएगी। इसके तहत 3 साल में 150 करोड़ खर्च कर नए कलस्टर बनाए जाएंगे। पहले साल 15 कलस्टर खोले जाएंगे।

# प्रतिष्ठा पितामह पं. गुलाबचंद्र पुष्प जी के शताब्दी जन्म दिवस पर नवागढ़ में हुआ अरनाथ महामंडल विधान

## मुनि श्री प्रक्षालसागर महाराज एवं मुनि श्री रत्नत्रयसागर महाराज के सान्निध्य में हुआ आयोजन

ललितपुर. शाबाश इंडिया



प्रागैतिहासिक नवागढ़ अतिशय क्षेत्र के अन्वेषक उन्नायक पंडित गुलाबचंद जी पुष्प जो प्रतिष्ठा पितामह के रूप में देशभर में विख्यात रहे के जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में बुधवार 10 जुलाई को आचार्य श्री विरागसागर महाराज जी के शिष्य मुनि श्री प्रक्षालसागर जी महाराज एवं मुनि श्री रत्नत्रयसागर जी महाराज के मंगल सानिध्य में मूलनायक अरनाथ भगवान की शांतिधारा एवं अरनाथ महामंडल विधान अनुष्ठान का आयोजन श्रद्धा भक्ति के साथ विधि- विधान पूर्वक किया गया। आज शताब्दी जन्म दिवस के उपलक्ष्य में प्रागैतिहासिक तीर्थ क्षेत्र नवागढ़ विकासखंड महरौनी में श्री नवागढ़ गुरुकुलम के छात्रों के साथ सभी पदाधिकारी एवं स्थानीय समाज के सभी भक्तों ने श्री अरनाथ महामंडल विधान भक्तिभाव पूर्वक संपन्न किया । इस मौके पर शांतिधारा का सौभाग्य पुष्प परिवार के माध्यम से शिखर चंद्र जैन, डॉक्टर उत्तम चंद्र जैन, राजकुमार जैन, ब्रह्मचारी जयकुमार निशांत एवं डॉ प्रदीप कुमार जैन को प्राप्त हुआ। इस अवसर पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में पंडित मनीष जैन संजू टीकमगढ़, राजीव जैन वीडियोग्राफर टीकमगढ़, ऋषभ ओलिया छतरपुर के साथ श्री कोमलचंद जैन, कैलाश जैन ,प्रवीण कुमार जैन, बबलू ढूंढा ,प्रसन्न चौधरी बड़ागांव ,धीरेंद्र पत्रकार बड़ागांव, सजल जैन आदि सभी ने पुष्प जी को श्रद्धांजलि समर्पित की। श्री नवागढ़ गुरुकुलम के छात्रों को निर्देशक ब्रह्मचारी जयकुमार निशांत भैया जी ने पंडित गुलाबचंद जी पुष्प के जीवन एवं उनके द्वारा नवागढ़ के उत्थान ,साहित्य सृजन और जिनशासन की प्रभावना के अवदान पर प्रकाश डालते हुए श्रद्धांजलि समर्पित की ।वक्ताओं ने कहा कि श्रद्धेय पुष्प जी ने जिनशासन की प्रभावना करते हुए द्विशताधिक पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव के साथ ऐतिहासिक पुरा संपदा से संपन्न भगवान अरनाथ स्वामी के अतिशय क्षेत्र नवागढ़ का अन्वेषण करते हुए अपना पूरा जीवन इसके उन्नयन में समर्पित किया।संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के द्वारा सप्तम प्रतिमा के व्रत का पालन करते हुए संलेखना पूर्वक समाधि मरण कर अपने जीवन को सार्थक किया। संचालन क्षेत्र के महामंत्री वीरचंद नेकोरा, आभार अशोक कुमार जैन मैनवार ने व्यक्त किया।

# राजस्थान पुलिस के नए डीजी गोविंद गुप्ता का किया अभिनंदन



जयपुर. शाबाश इंडिया

आईपीएस गोविंद गुप्ता को राजस्थान पुलिस विभाग का डीजी बनाए जाने पर श्री अग्रवाल समाज समिति जयपुर ने उनका गुलदस्ता,साफा व शॉल ओढ़ाकर सम्मान व अभिनंदन किया।इस अवसर पर समिति अध्यक्ष चंद्र प्रकाश भाड़ेवाला, उपाध्यक्ष पवन गोयल, कोषाध्यक्ष प्रहलाद दादिया वाले, विनोद अग्रवाल, महावीर शाह, कमल किशोर नानू वाला, चंद्रप्रकाश राणा,डॉ अरुण गर्ग, अविचल नीमूचानिया प्रविंद्र जिंदल,सुशील भूत सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।इस अवसर पर समाजबंधुओं ने डीजी गुप्ता से समाज की दशा और दिशा के बारे में सकारात्मक चर्चा की।

# वैश्य महासम्मेलन जिला शाहगढ की कार्यकारिणी गठित

## निक्की बृजपुरिया अध्यक्ष, मनीष विद्यार्थी महामंत्री, प्रकाश अदावन प्रचारमंत्री बने







मनीष विद्यार्थी. शाबाश इंडिया

सागर।वैश्य महासम्मेलन मध्यप्रदेश द्वारा सागर जिला को तीन जिले सागर, बीना, शाहगढ के रूप में विभाजित कर तीनों जिले की कार्यकारिणी की घोषणा की जिसमें शाहगढ जिले में बण्डा,गढाकोटा, देवरी, केसली, रहली, शाहपुर, दलपतपुर, महाराजपुरआदि स्थान शामिल हैं वैश्य महासम्मेलन का उद्देश्य है कि इस कारण ज्यादा कार्यकर्ता सक्रिय रहेंगे और वैश्य समाज के लिए कार्य करेंगे।उमाशंकर गुप्ता प्रदेश अध्यक्ष सुधीर अग्रवाल प्रदेश संगठन मंत्री के निर्देशानुसार निकेश गुप्ता प्रदेश महामंत्री कपिल मलैया प्रदेश उपाध्यक्ष के मार्गदर्शन में गिरजेश सोनी संभागीय अध्यक्ष कमल डेवडिया जिला प्रभारी की अनुशंसा पर शाहगढ़ जिला कार्यकारिणी की घोषणा की गई जिसमें जिला अध्यक्ष निक्की बृजपुरिया देवरी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष संतोष सराफ बण्डा, संदीप जैन बल्लू देवरी, महामंत्री मनीष शास्त्री विद्यार्थी शाहगढ, विकास चौरसिया रहली, उपाध्यक्ष उमेश कनकने शाहगढ,मुन्ना खटौरा बण्डा, मंत्री डॉ अशोक जैन, महेश गुप्ता,सुशील गुप्ता शाहगढ, अमित जैन केसली प्रचार मंत्री प्रकाश जैन अदावन, कोषाध्यक्ष पारस बृजपुरिया देवरी मनोनीत किए गए। सभी मनोनीत पदाधिकारी को प्रदेश महामंत्री निकेश गुप्ता एवं जिला प्रभारी कमल डेवडिया बधाई दी एवं वैश्य समाज के हित में कार्य करने के लिए जागरूक किया।

## वृक्षारोपण महाभियान के तहत ठीकरिया विद्यालय में किया गया पौधारोपण: संजय जैन



**चितौड़गढ़. शाबाश इंडिया**

वृक्षारोपण महाभियान के तहत आज राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय ठीकरिया जिला चित्तौरगढ़ मे आज पौधारोपण किया गया। अध्यापक संजय कुमार जैन ने बताया कि विद्यालय मे फलदार पौधे लगाए गये जिसमे विद्यालय के स्टाफ व ग्राम की माता बहनो ने भी सहयोग किया। सबने उत्साह से पौधे लगाए व उनकी सुरक्षा की भावना व्यक्त की ।

# फागी कस्बे में आर्यिका संघ का हुआ भव्य मंगल प्रवेश



**फागी. शाबाश इंडिया**

कस्बे में आचार्य 108 श्री सुनील सागर जी महाराज संघ की सुयोग्य शिष्याऐं आर्यिका 105 श्री आराध्यमति माताजी, आ.आकाशमति माताजी, आ.सुप्रज्ञमति माताजी, आ.अनघमति माताजी, क्षुल्लिका सद् दृष्टिमति माताजी संघ का बैन्ड बाजों के साथ भव्य मंगल प्रवेश हुआ, कार्यक्रम में जैन महासभा के प्रतिनिधि राजाबाबू गोधा ने शिरकत करते हुए बताया कि उक्त संघ मदनगंज किशनगढ से दूदू,मोजमाबाद , धमाणा, चकवाड़ा होता हुआ आज फागी ग्राम की सीमा पर पहुंचा जहां पर सारे सकल जैन समाज ने बैंड बाजों के द्वारा संघ की भव्य आगवानी की तथा संघ को त्रिमूर्ति जैन मंदिर ले जाया गया जहां पर संघ का पाद प्रक्षालन करने के बाद श्रीजी काअभिषेक एवं महाशांति धारा की गई बाद में उक्त संघ को जयकारों के द्वारा नगर भ्रमण करवाते हुए पार्श्वनाथ चैत्यालय पर लाया गया, गोधा ने बताया कि इससे पूर्व रास्ते में जगह-जगह तोरणद्वार एवं जगह-जगह रंगोलियां बना कर संघ का भव्य स्वागत किया, जगह -जगह संघ पर फूलों की बारिश की गई जगह-जगह संघ का पाद प्रक्षालन कर आरती की गई, कार्यक्रम में पार्श्वनाथ चैत्यालय पर सौभाग्यवति महिलाओं द्वारा संघ की मंगल कलशों से आगवानी करने के बाद संघ का पादप्रक्षालन एवं आरती करके संत निवास पर ठहराया गया। कार्यक्रम में संघ के द्वारा जिनालय के दर्शन करने के बाद मंगल उद्बोधन हेतु पदाधिकारियों द्वारा श्रीफल भेंट कर मंगलमय आशीर्वाद प्राप्त किया, कार्यक्रम में मोहनलाल,कमलेश कुमार, महेश कुमार झंडा परिवार द्वारा चित्र अनावरण किया गया एवं प्यार चंद त्रिलोक चंद जैन पीपलू वाले परिवार जनों के दीप प्रज्वलित किया गया।

## आर्यिका 105 विज्ञाश्री माताजी ससंघ का विहार पदमपुरा की ओर



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

परम पूज्य भारत गौरव गणिनी आर्यिका 105 विज्ञाश्री माताजी ससंघ श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर वाटिका वेली जयपुर में भक्तों ने अभिषेक शांतिधारा का सौभाग्य प्राप्त किया। माताजी संघ का मंगल विहार बाड़ा पदमपुरा की ओर होने जा रहा है। आज रात्रि विश्राम सौगानी फार्म हाउस बिलवा में होगा। माताजी की आहार चर्या कराने का सौभाग्य मुकेश जैन परिवार ने प्राप्त किया। गुरुमां विज्ञाश्री माताजी का चातुर्मास 2024 सहस्त्रकूट विज्ञातीर्थ गुंसी क्षेत्र पर होने जा रहा है। माताजी ससंघ का 19 जुलाई 2024 को गुंसी क्षेत्र पर मंगल प्रवेश होगा। इसी के साथ 28 जुलाई को भव्य कलश स्थापना महोत्सव संपन्न होगा।

## समभाव से व्यक्ति अपने जीवन को संवार सकता है: प्रखर वक्ता डॉ. प्रितीसुधा



**उदयपुर. शाबाश इंडिया**

समभाव से ही व्यक्ति अपने जीवन को संवार सकता है और आत्मा का उत्थान बुधवार को अशोक नगर लोकाशाह जैन स्थानक मे प्रखर वक्ता डॉ.प्रितीसुधा ने आयोजित धर्मसभा मे श्रध्दालुओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि समभाव में व्यक्ति न तो किसी परिस्थिति में अति उत्साहित होता है और न ही अति मे निराशा के साथ सुख-दुःख,जय-पराजय आदि सभी द्वन्दों में समान भाव और मानसिक रुप से मन को स्थिर रखने वाला इंसान ही जीवन मे उपलब्धियो के साथ अपनी आत्मा को संसार के दुखों से मुक्ति दिलवा सकता है। साध्वी संयमप्रभा ने कहा कि सकारात्मक दष्टिकोण के साथ उपलब्धियो मे समता भाव रखने वाला मनुष्य जीवन मे सफलता प्राप्त करता है। धर्मसभा से पूर्व महासती उमराव कंवर डॉ. प्रितीसुधा साध्वी मधुसुधा साध्वी संयमप्रभा आदि के अहिंसा पूरी से विहार कर लोकाशाह जैन स्थानक मे पधारने पर श्री संघ के अध्यक्ष कांतिलाल जैन, महामंत्री राजेन्द्र खोखावत, कोषाध्यक्ष ललित चौधरी,नरेंद्र सेठ,सागरमल मेहता,श्रमण विहार सेवा परिषद के संदीप बोलिया, रमेश खोखावत, नरेंद्र डांगी प्रमोद चपलोत,नरेंद्र सिंघवी,ललित भानावत, पवन मेहता,लोकेश कोठारी एवं महिला की अध्यक्षा सुशीला भानावत, मंत्री मंजु खमेसरा, कोषाध्यक्ष मंजु खोखावत आदि पदाधिकारियों और अनेक भाई बहनों ने साध्वीवृंद की विहार सेवा एवं धर्मसभा का लाभ लिया। प्रवक्ता निलिष्का जैन ने जानकारी देतें हुए बताया कि गुवार साध्वीमंडल श्री तारक गुरु ग्रंथालय पधारेंगे जहां से 12 जुलाई शुक्रवार को भव्य झूलुस के साथ पंचायती नोहरा मुखर्जी चौक चातुर्मास प्रवेश करेंगे।

## वेद ज्ञान

# युवा अध्यात्म के माध्यम से ऊर्जा को दें उचित मार्ग

युवा जीवन में कई उतार-चढ़ाव आते हैं और वे इसका तत्काल समाधान चाहते हैं। वे चाहते हैं कि उनके लिए सब कुछ अभी इसी पल में हो जाए। जब तक वे अपनी इच्छाओं और आकांक्षाओं को संभालना नहीं सीखेंगे, तब तक वे कुछ गलत रास्तों का भी चुनाव करते रहेंगे। आज के युवा पहले की तुलना में कहीं अधिक मानसिक बीमारी, अवसाद और आत्महत्या की प्रवृत्ति से ग्रस्त हैं। वे इस बात को ध्यान में रखें कि गलत रास्तों को अपनाने पर उन्हें कुछ समय के लिए रोमांच मिल सकता है, लेकिन यह स्थायी नहीं होता है। दरअसल, हर युवा खुशी और उत्साह के लिए तरसता रहता है। अध्यात्म वह है, जो मन में उत्साह को प्रज्वलित करता है। हमारे युवाओं को यह एहसास करने की जरूरत है कि वे मानवीय गुणों के साथ ही रचनात्मक कार्य कर सकते हैं। उन्हें यह भी एहसास करने की जरूरत है कि उनमें बहुत क्षमता है और वे जो कुछ भी हासिल करना चाहते हैं, उसे पाने की शक्ति भी उनमें है। वास्तव में सिर्फ भौतिक वस्तुएं या सुविधाएं किसी को आराम नहीं दे सकती हैं। हर कोई शांति, स्थिरता, चैन और सच्चे प्रेम के लिए तरस रहा है। आध्यात्मिकता उन्हें यह सब प्रदान कर सकती है। सेवा भारतीय अध्यात्म का एक महत्वपूर्ण अंग है। इस तीव्र इच्छा को पूरा करने की ऊर्जा युवाओं में है। जब सेवा जीवन का एकमात्र उद्देश्य होता है, तब मन में एकाग्रता आती है। कर्म उद्देश्यपूर्ण हो जाते हैं और दीर्घकालिक सुख मिलता है। आध्यात्मिकता के सेवा के पहलू को इस्तेमाल कर अपने भय और अवसाद को समाप्त किया जा सकता है। यदि आप निराश हैं या किसी अवसाद से ग्रस्त हो रहे हैं, तो अपने कमरे से बाहर निकलें और लोगों से पूछें कि मैं आपके लिए क्या कर सकता हूं? यदि आप सेवा करेंगे, तो वह आपके अंदर क्रांति लाएगा। जब स्वयं को दूसरों की मदद करने में व्यस्त रखेंगे, तब आपको यह एहसास होगा कि परमात्मा आपका बहुत अच्छी तरह से ख्याल रख रहे हैं। आपकी निराशा प्रेम और कृतज्ञता में परिवर्तित हो जाएगी। अंदर से बंधा हुआ मन आज युवाओं के बीच एक बड़ी समस्या है। उन्हें हमेशा यह चिंता सताती रहती है कि लोग उनके बारे में क्या सोचते हैं?

## संपादकीय

# लापरवाही ने बारिश को राहत की जगह परेशानी बनाया

बरसात में जलजमाव और उससे शहरों का अस्त-व्यस्त जीवन अब हर वर्ष का स्थायी दृश्य हो गया है, मगर इसके मद्देनजर सरकार को पूर्व तैयारी करने की जरूरत शायद कभी महसूस नहीं होती। सामान्य से थोड़ा अधिक पानी बरसते ही शहरों की सड़कें लबालब हो जाती हैं, मुहल्ले तालाबों में तब्दील हो जाते हैं। लोगों का दफ्तर, स्कूल, व्यवसाय आदि के लिए निकलना मुश्किल हो जाता है। खासकर मुंबई के लोगों को हर वर्ष बरसात में ऐसी मुसीबतों का सामना करना पड़ता है। अभी बरसात का मौसम शुरू ही हुआ है और मुंबई में सड़कों पर पानी भर गया, रेल की पटरियां डूब गईं, कई रेलगाड़ियां रद्द करनी पड़ीं, बसें रुक गईं, कई दफ्तरों और स्कूलों में कामकाज बंद करना पड़ गया। यहां तक कि सोमवार को महाराष्ट्र विधानमंडल के दोनों सदनों का कामकाज स्थगित करना पड़ गया। भारी बारिश की वजह से समंदर में ज्वार उठने के संकेत दे दिए गए। बरसात का असर रोजमर्रा इस्तेमाल होने वाली चीजों पर भी पड़ता है। अक्सर इस मौसम में फलों, सब्जियों के दाम इसलिए आसमान छूने लगते हैं कि माल ढुलाई में बाधा आती है। जिन इलाकों में भारी बरसात होती है, वहां फसलें चौपट हो जातीं और सब्जियों का उत्पादन घट जाता है। दिल्ली में बारिश की वजह से थोक मंडियों में सब्जियां नहीं पहुंच पाने से लोगों को ऊंची कीमत चुकानी पड़ रही है। हर वर्ष बरसात में जलभराव को लेकर विधानसभाओं में सवाल उठाए जाते हैं, लोग सड़कों पर उतर कर आंदोलन करते देखे जाते हैं। हर बार आश्वासन दिया जाता है कि जलनिकासी की व्यवस्था दुरुस्त कर ली जाएगी, मगर स्थिति फिर भी जस की तस बनी रहती है। पिछले वर्ष दिल्ली में बाढ़ आई और यमुना उफन कर लाल किले तक पहुंच गई, तो काफी शोर मचा था। तब दिल्ली सरकार ने कहा था कि हरियाणा ने बिना चेतावनी दिए पानी छोड़ दिया, इसलिए यह समस्या उत्पन्न हुई। इस वर्ष दावा किया गया था कि पिछले वर्ष जैसी समस्या नहीं आएगी। मगर पहली ही बारिश में जिस तरह कई इलाकों में जलजमाव देखा गया, उससे लगता नहीं कि समस्या का समाधान हो गया है। शहरों में जलजमाव की बड़ी वजह बरसात से पहले नालों की समुचित सफाई न होना पाना है। जिन नालों और नालियों की गाद निकाली जाती है, उसे किनारे पर छोड़ दिया जाता है, जो बरसाती पानी के साथ बह कर फिर से नालियों में भर जाता है। कई जगहों पर जलनिकासी का समुचित प्रबंध न किया जाना भी बड़ी वजह है। जिन इलाकों में अनियोजित तरीके से बस्तियां बसा दी गई हैं, वहां जलनिकासी के इंतजाम नहीं किए गए। जो नालियां बनी भी हैं उनकी पर्याप्त क्षमता नहीं है, जिसके चलते सामान्य से जरा भी अधिक पानी बरसता है, तो उसे निकलने में काफी वक्त लग जाता है। समझना मुश्किल है कि शहरों की नगर पालिकाएं हर वर्ष इस समस्या का सामना करती हैं, फिर भी वे कोई स्थायी समाधान निकालने का प्रयास क्यों नहीं करतीं। **-राकेश जैन गोदिका**



## परिदृश्य

# दोषियों को दंड

हाथरस भगदड़ मामले की जांच के लिए गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) ने जिस तत्परता से अपनी रिपोर्ट सौंपी है और उत्तर प्रदेश सरकार ने इसके आलोक में जिस त्वरित गति से एसडीएम समेत छह अफसरों के खिलाफ कार्रवाई की है, उसकी सराहना की जानी चाहिए। इस हादसे में 120 से अधिक मासूम लोगों को अपनी जान से हाथ धोना पड़ा था और उनके परिजनों को जीवन भर का दर्द मिल गया है। ऐसे में, हर तरफ से जिम्मेदारी तय किए जाने की मांग उठ रही थी और राज्य सरकार ने बिना देरी किए जांच दल गठित की थी। अब एक हफ्ते के भीतर अपनी रिपोर्ट सौंपकर एसआईटी ने इंसाफ की प्रक्रिया को गति दी है। अमूमन ऐसी रिपोर्टें तब आती हैं, जब संबंधित घटनाएं लोगों के जेहन से उतर चुकी होती हैं और ऐसे में उन रिपोर्टों पर क्या कार्रवाई हुई, यह लोगों को पता भी नहीं चल पाता और अक्सर लीपा-पोती हो जाती है। मगर हाथरस हादसे की गहरी टीस अब भी लोगों के भीतर बनी हुई है। यही कारण है कि अब यह मामला सुप्रीम कोर्ट में पहुंच गया है, जहां 12 जुलाई को इससे जुड़ी याचिका पर सुनवाई होगी। एसआईटी ने अपनी रिपोर्ट में आयोजकों को मुख्य रूप से जिम्मेदार ठहराया है और साफ-साफ कहा है कि उन्होंने प्रशासन को धोखे में रखकर इजाजत ली। स्थानीय प्रशासन से तथ्य छिपाए गए और इतनी विशाल भीड़ के प्रबंधन के लिए जरूरी इंतजाम नहीं किए गए थे। बल्कि बाबा नारायण साकार तक लोगों के पहुंचने की कोई व्यवस्था नहीं थी और जब भगदड़ मची, तो आयोजक घटनास्थल से फरार हो गए। ये तमाम बातें तो 2 जुलाई से ही कही जा रही हैं, मगर एसआईटी रिपोर्ट में जिस तरह से एसडीएम की लापरवाही का जिक्र किया गया है, उससे हमारे प्रशासनिक अमले में पैठ आई काहिली का ही उद्घाटन होता है। क्या एसडीएम को बाबा नारायण साकार के सत्संगों में उमड़ने वाली भीड़ का कोई अंदाजा नहीं था कि उन्होंने आयोजन स्थल का दौरा किए बगैर ही इसकी अनुमति दे डाली? उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों तक को सूचित नहीं किया। इसलिए उनके साथ-साथ अन्य संबंधित अधिकारियों का निलंबन बिल्कुल जायज है। सत्संग के आयोजकों के खिलाफ भी सख्त कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए, ताकि फिर कोई आयोजन जानलेवा न बन सके। विशेष जांच दल ने 'किसी बड़े षड्यंत्र' की आशंका को भी पूरी तरह खारिज नहीं किया है और इसकी गहन तफ्तीश की आवश्यकता पर बल दिया है। उम्मीद है, राज्य सरकार इसे गंभीरता से लेगी। मगर धर्मगुरुओं के लिए भी इस हादसे में एक बड़ी सीख है कि वे कहीं भी सत्संग के लिए जाएं, तो अपने तईं भी आयोजकों से इंतजामों के बारे में दरयाफ्त करें। आखिर श्रद्धालु उनके आकर्षण में जुटते हैं, इसलिए उनकी भी नैतिक जिम्मेदारी बनती है। भारत धर्मपरायण समाजों का देश है और यहां हरेक दिन हजारों जगहों पर छोटे-बड़े आयोजन होते रहते हैं। ऐसे में, बड़े आयोजनों के बारे में जो तय दिशा-निर्देश हैं, उनमें किसी किस्म की शिथिलता नहीं बरती जानी चाहिए। हमारे तंत्र को पेशेवराना तेवर की जरूरत है और यह तेवर तभी आएगा, जब निचले स्तर पर नियमित प्रशिक्षण और उच्च स्तर पर लापरवाह अधिकारियों को दंडित करने की व्यवस्था होगी। जाहिर है, प्रशासन यदि किसी के प्रभाव में आएगा, तो वह पेशेवर बन ही नहीं सकेगा। इसलिए इस मामले के दोषियों की सजा एक नजीर बननी चाहिए।

# राष्ट्र निर्माण और राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देना जरूरी...




राष्ट्र न तो कोई भूमि का बेजान टुकड़ा होता है कि जिस पर किसी वस्तु का निर्माण किया जा सके। राष्ट्र किसी भवन का नाम भी या नक्शा भी नहीं है कि जिसकी मरम्मत या फिर जिसके अनुसार किसी तरह का कोई निर्माण कार्य किया जा सके। राष्ट्र तो एक भावना हुआ करती है कि जो व्यक्ति या व्यक्तियों को किसी भू -भाग के कण-कण से, प्रत्येक जड़ चेतन प्राणी और पदार्थ से जोड़े रहा करती है। यह भावना तभी सजीव सप्राण रह पाती है कि जब उस भावना के अनुरूप एक विशिष्ट भू-भाग से जुड़े प्रत्येक व्यक्ति में एकता का भाव और संगठन हो। उसके बाद जिसे राष्ट्र निर्माण कहा जाता है, वह संभव हुआ करता है। राष्ट्र निर्माण का एक अर्थ होता है एकता और संगठन का अनवरत निर्माण एवं विकास, दूसरा अर्थ होता है वह एकताबद्ध एवं संगठित समाज जिस भू भाग पर निवास कर रहा है, उस का समय एवं युग परिस्थितियों के अनुरूप विकास कार्य उन्नति एवं उत्कर्ष के उपाय करना आदि। इस तरह जन समुदाय या समुदायों की एकता वह मूल आधार है, जिस पर भावना के स्तर पर राष्ट्रीयता और व्यवहार के स्तर पर राष्ट्र के हृश्य स्वरूप भू भाग अर्थात देश का नव निर्माण किया जा सकता या संभव हो पाया करता है। भारतीय राष्ट्रीयता के पर्याय भारत नामक देश में या भू भाग पर अनेक धर्मों, जातियों, सभ्यता संस्कृतियों, विश्वासों, रीती नीतियों, रहन-सहन, खान-पान एवं भाषाओं को मानने और प्रयोग करने वाले अनेक जन समुदाय निवास कर रहे हैं। आरंभ से ही अनेक ऐसे दौर आते रहे, जब कई तरह के आक्रांताओं ने इस भूभाग पर आक्रमण कर इसे पद दलित, ध्वस्त या अधीन करना चाहा। कई बार ऐसा लगा भी कि जैसे सामने चट्टान आ जाने पर बहती धारा रूक जाया करती है। उसी तरह यह देश और इसकी राष्ट्रीयता की अनवरत प्रवहणशील धारा भी रुक गई है। लेकिन जैसे धारा अपने को संचित कर इधर-उधर से रास्ता ढूंढ और बना कर फिर आगे बह जाया करती है, वैसे ही भारतीयता की धारा भी आगे बढ़ती गई। आक्रमण करने वाले कुछ लौट गए, कुछ यहां की मूल धारा में समग्रतः घुल मिलकर एक हो गए और कुछ ने यहाँ का बनकर भी अपना अलग स्वरूप एवं व्यक्तित्व बनाए रखा। आज जो अनेकरूपता एवं उपरिकथित विविधता दीख पड़ती है, इसका कारण ये तीसरे प्रकार के बहिरागत लोग ही हैं। अपना अलग व्यक्तित्व और विश्वास रखते हुए भी राष्ट्रीय भावना के एकत्व के कारण ही वे सब एक हैं या इस देश के निवासी कहलाने के अधिकारी हैं। राष्ट्र के निर्माण के लिए देश जाति का माहौल अन्त बाह्य स्तर पर शांत ऐसा ही चाहिए। शांति तभी बनी रह सकती है कि जब अपने अपने सामुदायिक विश्वास स्वतंत्रतापूर्वक बनाए रखते हुए भी सभी भीतर बाहर से एक बने रहें। एकता और संगठन में कहीं रत्ती भर भी, दशा नजर न आए। यों सामान्य मतभेद बने रहना सहज स्वाभाविक है। कहावत है न, जहां पर अनेक बर्तन रखे होंगे, उठाते रखते समय वे थोड़े बहुत टकराएंगे ही। टकराने पर उनकी खनक भी अवश्य सुनाई देगी, पर इसी कारण कोई उन्हें उठाकर रसोई घर से बाहर नहीं फेंक दिया करता। उसी तरह बहुत सारे लोगों में वैचारिक सामुदायिक जैसे भेदभाव बने रहने पर भी शांति बनी रह सकती है कि जो राष्ट्र हित और निर्माण की पहली शर्त है। शांति बनी रहने पर वह सारा धन, शक्ति और समय निर्माण कार्यों पर लगाया जा सकता है कि जो अराजकता और अशांति की स्थिति में उसे मिटाने या संभालने में खर्च किया जाता है। राष्ट्रीय स्तर पर एक और संगठित राष्ट्र एक बड़ी शक्ति के रूप में उभर कर सामने आया करते हैं। उस शक्ति में अपनी अपनी स्थिति एवं सामर्थ्य के अनुसार सभी का स्वाभिविक योगदान रहा और मान लिया जाता है। उस सामूहिक शक्ति का उपयोग करके कोई देश जैसा भी निर्माण कार्य कर सकता है। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद अभी तक हमारा देश क्योंकि राष्ट्र निर्माण के तरह तरह के कार्यों में लगा हुआ है, अतः उसे सभी के सहयोग की पूर्ण आवश्यकता है। जैसे बूंद बूंद से घड़ा भरा करता है, वैसे ही व्यक्ति व्यक्ति के पारस्परिक मेल से एकता का उदय हुआ करता है। वह एकता ही उस शक्ति का प्रतीक हुआ करती है, जिसे निर्मायक या निमार्तृ शक्ति कहा जाता है। आज भारत को इसी शक्ति की आवश्यकता है। इसके यानि एकता के अभाव में कोई भी देश न तो अपना निर्माण ही कर सकता है और न एक कदम भी आगे बढ़ सकता है। जो राष्ट्र एक एवं संगठित हुआ करता है, उसे कोई तोड़ नहीं सकता। कोई भी उसका कुछ बिगाड़ नहीं सकता। उसे प्रगति और विकास की राह पर निरंतर आगे बढ़ते रहने से कोई रोक भी नहीं सकता। जैसे मोटे रस्से को रेशे रेशे अलग करके तो तोड़ा जा सकता है; पर अपने बटे हुए मूल रूप में नहीं, उसी प्रकार देशों राष्ट्रों की भी स्थिति हुआ करती है। आज कई बार जब भाड़े के टट्टू, विदेशी एजेंट या फिर पैसे के लिए अपनी अस्मिता को बेच देने वाले स्वार्थी लोग अपनी हथकण्डों से अराजकता फैला कर राष्ट्र को तोड़ने का प्रयास करने लगते हैं, तब चिंता होना स्वाभाविक हुआ करता है। प्रत्येक सच्चे मानव और राष्ट्रजन का यह कर्तव्य हो जाता है कि वह अपने आस पास चौकन्नी दृष्टि रख इस तरह के तत्वों को पनपने या सिर उठाने का



क्षीण सा भी अवसर अवसर प्रदान न करे ताकि वह शांति स्थाई रूप से बनी रहे कि राष्ट्र निर्माण और विकास कार्यों के लिए जो परम आवश्यक हुआ करती है। उसके बिना गुजारा हो पाना संभव नहीं। यदि राष्ट्रीय एकता बनाए रखकर हम निर्माण और विकास कार्य न कर सके तो भविष्य का इतिहास में कभी क्षमा न कर सकेगा, यह निश्चित है।

**सुमन बाला सलूजा**
**वार्ड नम्बर 9,**
**पंजाबी चौक**
**बरवाला, जिला-हिसार**




# गिरनार जी में नेंमिनाथ मोक्ष कल्याणक निर्वाण लड्डू महोत्सव मनाया जायेगा

**मनोज जैन नायक. शाबाश इंडिया**

गिरनार/जूनागढ़।जैन धर्म के अराध्य तीर्थंकर श्री नेमीनाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक एवं निर्वाण लाडू महोत्सव 13 जुलाई को विभिन्न धार्मिक आयोजनों के साथ हर्षोल्लास पूर्वक मनाया जायेगा। विश्व शांति निर्मल ध्यान केंद्र ट्रस्ट के तत्वावधान में जैन धर्म के 23 वें तीर्थंकर भगवान नेमिनाथ जी का मोक्ष कल्याणक 13 जुलाई 2024 को परम पूज्य मुनिश्री धरसेन सागर जी महाराज व गिरनार पीठाधीष 105 क्षुल्लक श्री समर्पण सागर जी महाराज के पावन निर्देशन में समोशरण मंदिर, विश्व शांति निर्मल ध्यान केंद्र गिरनार जी में नेमिनाथ निर्वाण महोत्सव समिति के संयोजन में मनाया जाएगा। ब्र. शान्ता बहन व कार्यक्रम संयोजक , अधिष्ठाता ब्र. सुमत जी जैन के अनुसार 12 जुलाई को प्रातः 7:00 बजे ध्वजारोहण के साथ महोत्सव प्रारंभ होगा, तत्पश्चात विशाल रथ यात्रा समवशरण मंदिर जी से निर्मल ध्यान केंद्र तलहटी तक जाएगी। जहां 22 फुट भगवान नेमिनाथ जी की मनमोहक प्रतिमा जी का महामस्तकाभिषेक होगा, दोपहर को 1:30 बजे परम पूज्य गिरनार गौरव समाधिस्थ श्री निर्मल सागर जी महाराज का 56 वॉ दीक्षा महोत्सव के अवसर पर पूजन , मंगल प्रवचन, आरती आदि कार्यक्रम होंगे रात्रि को एक शाम आचार्य श्री निर्मल सागर जी के नाम भजन संध्या का कार्यक्रम होगा। महोत्सव समिति एवं ट्रस्ट के अध्यक्ष सोभागमल कटारिया अहमदावाद ने गिरनार क्षेत्र के प्रति श्रद्धा, भक्ति,और समर्पण के लिए अपने अपने परिवार के नाम एक लाडू अवश्य चढाने का आह्वान किया। 13 जुलाई को प्रातः 7:00 बजे विश्व शांति निर्मल ध्यान केंद्र में विराजमान भगवान नेमिनाथ जी के चरणों में निर्वाण लाडू, समवशरण मंदिर में दोपहर 1:00 बजे से धर्मसभा का आयोजन होगा । जिसमें मोक्ष कल्याण पर विशेष प्रस्तुति, सम्मान समारोह , निर्वाण कांड पढ़कर 22 - 22 किलो के दो सिद्ध लाडू, अरिहंत लाडू , आचार्य लाडू , उपाध्याय लाडू एवं सर्वसाधु लाडू समर्पित किए जाएंगे। अखिल भारतवर्षीय दिगम्बर जैन युवा परिषद् के राष्ट्रीय महामंत्री उदयभान जैन जयपुर ने अवगत कराया कि उक्त राष्ट्रीय महोत्सव में देश के विभिन्न प्रांतो से विद्वान, श्रेष्ठि व युवा पहुंच रहे हैं। निर्वाण महोत्सव के अवसर पर पहाड़ पर स्थित मंदिर जी में एवं तलहटी बंडी धर्मशाला प्रांगण में स्थित मंदिर जी में मूलनायक भगवान नेमिनाथ जी के सामने निर्वाण लाडू चढ़ाया जाएगा।



### प्रांतीय धर्म जागृति संस्थान राजस्थान

# राज्य स्तरीय अहिंसक आहार पोस्टर प्रतियोगिता की अंतिम तिथि 12 जुलाई

## राजस्थान में अहिंसक आहार का हुआ जोरदार प्रचार-प्रसार



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** अखिल भारतवर्षीय धर्म जागृति संस्थान प्रांत राजस्थान द्वारा आचार्य वसुनंदी जी के आशीर्वाद से आयोजित की जाने वाली राज्य स्तरीय अहिंसक आहार पोस्टर प्रतियोगिता की बारह जुलाई अंतिम तिथि है।प्रांतीय अध्यक्ष पदम जैन बिलाला ने बताया कि पोस्टर प्रतियोगिता जैन धर्म के ,24 वे तीर्थंकर भगवान महावीर के 2550 वे निवाणोत्सव वर्ष को आचार्य श्री वसुनंदी मुनिराज द्वारा अहिंसक आहार वर्ष घोषित किए जाने के क्रम में आयोजित की जा रही है जिसमे 24 नगद बम्फर पुरस्कार रखे गये है ।इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य अहिंसक आहार शब्द को जन जन तक पहुंचाना है।इस हेतु पूरे राजस्थान में चालीस स्थानों पर स्थानीय संयोजक मनोनीत किए गए है जो अहिंसक आहार का अपने स्तर पर जोर शोर से प्रचार प्रसार कर रहे है। अ3 साइज के पोस्टर्स में शाकाहार के विस्तृत स्वरूप अहिंसक आहार को दर्शाना है तथा पोस्टर्स घर से ही बनाकर स्थानीय संयोजक को अथवा संस्थान के जयपुर स्थित प्रधान कार्यालय को भेजने है।


दिगंबर जैन सोशल ग्रुप सन्मति द्वारा
जैन सिटीजन फाउंडेशन की प्रेरणा से
वाटर कूलर शुभारंभ एवं पौधा वितरण

गुरुवार 12 जुलाई
प्रातः 9.30 बजे

स्थान: श्री दिगंबर जैन महावीर बालिका विद्यालय, चुरुको का रास्ता, एसबीआई बैंक की गली, चौड़ा रास्ता, जयपुर

मुख्य अतिथि
रोटे. श्री सुधीर जैन गोधा
संस्थापक अध्यक्ष जैन सिटीजन फाउंडेशन

अध्यक्षता
श्री प्रमोद जी पहाड़िया
प्रमुख समाज सेवी
अध्यक्ष जैन सिटीजन फाउंडेशन

दीप प्रज्वलनकर्ता
श्रीमान शैलेंद्र जी गोधा
सम्पादक दैनिक समाचार जगत

विशिष्ट अतिथि
श्री वीरेंद्र जी गोदिका
रिटायर्ड आईजी



पुण्यार्जक
श्रीमती गुणमाला देवी धर्मपत्नी स्वर्गीय श्री धूप चंद जी सोगानी,
श्री मुकेश-संगीता सोगानी, श्री सुनील-लता सोगानी

...नोट...
इस अवसर पर उपस्थित सभी को एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत उपहार स्वरूप भेंट किया जायेगा।

निवेदक
मनीष-शोभना लोंग्या, अध्यक्ष
राकेश-समता गोदिका, संस्थापक अध्यक्ष
राजेश-रानी पाटनी, सचिव
दर्शन-विनीता बाकलीवाल, मुख्य समन्वयक
एवं समस्त दिगंबर जैन सोशल ग्रुप सन्मति परिवार

# इनरव्हील क्लब मालेगांव, द्वारा सर्व रोग निदान शिविर सम्पन्न





**मालेगांव. शाबाश इंडिया।** इनरव्हील क्लब 303 की ओर से नारी आरोग्य केंद्र , वार्ड चूना भट्टी पर सर्व रोग व कर्क रोग ( कैंसर ) निदान निःशुल्क शिविर का आयोजन किया गया । अनेकों रोगियों ने शिविर के माध्यम से रोग निदान प्राप्त किया। यह कार्यक्रम महानगर पालिका व मानवता हॉस्पिटल तथा इनरव्हील मालेगांव के संयुक्त तत्वाधान तथा एमओएच- आ. आहेर मेम, स्त्री रोग विशेषज्ञ - डॉ. चेताली पाटिल मेम तथा डॉ. वेंकटेश जवर की देखरेख में संपन्न हुआ। मुख्य रूप से पीडीसी डॉक्टर अल्का भावसार एवं डॉ.नीमा सूर्यवंशी का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। इस पुनीत अवसर पर इनरव्हील क्लब की अध्यक्षा-सौ. संगीता परदेसी,क्लव एडीटर - डॉ. अल्पना जैन गंगवाल, सदस्या -सौ. नीता कुलकर्णी उपस्थित रहीं।

# श्री भट्टारक चारुकीर्ति स्वामी ने मूनी श्री से आशीर्वाद प्राप्त किया



**इंदौर. शाबाश इंडिया**

ग्रेटर बाबा मंदिर में विराजित अंतमुर्खी मुनि श्री पूज्य सागर महाराज के दर्शन करने स्वस्तिश्री अभिनव चारुकीर्ति भट्टाराक स्वामी जी, श्रवणबेलगोला नवग्रह जिनालय टीटीअतिशय क्षेत्र इंदौर में पधारें । समाज प्रचारक राजेश जैन दद्दू ने बताया कि इस अवसर पर अध्यक्ष नरेंद्र वेद ने भट्टारक स्वामी जी का अभिवादन कर पुरे क्षेत्र का भ्रमण कराया और स्वामी जी पूज्य मुनि श्री के पाद प्रक्षालन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।




# अन्तर्मना आचार्य श्री प्रसन्न सागर जी महाराज के प्रवचन से....



**खुद की समझदारी ही अहमियत रखती है मित्रो..**
**वरना अर्जुन और दुर्योधन का गुरु तो एक ही था..!**

एक चीज को समझने के अनेक तरीके हैं। हमारे प्रवचनों में हम किस भाव से क्या बोल रहे हैं, और आप किस भाव से सुन रहे हैं और सुनकर क्या समझ रहे हैं, ये तो आपकी समझ, संस्कार और मानसिकता पर निर्भर करता है। जैसे - एक व्यक्ति दूसरे की थाली से छीन कर, झपटकर खाने में शान समझ रहा है। और दूसरा व्यक्ति अपनी थाली का भोजन दूसरों को खिलाने में शान समझ रहा है और खुश हो रहा है। यह सारा खेल संस्कार, समझ और स्वयं की मानसिकता पर निर्भर करता है। लेकिन एक बात तो तय है - छीन कर या झपटकर खाने वालों का पेट कभी नहीं भरेगा। और ये भी सत्य है कि बाँट कर खाने वाला, या खिलाकर खाने वाला, ना भूखा रहेगा ना भूखा मरेगा। कार्य एक - विचार अनेक..। -नरेंद्र अजमेरा पियुष कासलीवाल औरंगाबाद

# तीर्थराज पुष्कर के 50 बच्चों को गणवेश भेट




रोहित जैन. शाबाश इंडिया

**अजमेर. शाबाश इंडिया।** लायंस क्लब अजमेर आस्था द्वारा समाजसेवी लायन राकेश पालीवाल,लायन मधु पाटनी के सहयोग से तीर्थराज पुष्कर के पास गनहेड़ा में संचालित मड़ला विद्यालय जहा स्लम एरिया से आने वाले बच्चो को निशुल्क शिक्षा के साथ संस्कार दिए जाते है साथ ही लभभग 50 बच्चो को एक समय का निशुल्क भोजन भी कराया जाता है के लिए गणवेश की सेवा दी गई। क्लब अध्यक्ष लायन रूपेश राठी ने बताया कि सामाजिक सरोकार के अंतर्गत एवम बच्चो को नियमित स्कूल आने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से सेवा दी गई। इस अवसर पर विद्यालय के संचालक बुद्धिप्रकाश शिक्षिकाए एवम बच्चे मोजूद रहे। क्लब की सेवा पाकर सभी बच्चे बहुत खुश हुए।


## दिगंबर जैन महासमिति राजस्थान
## महिला अंचल, सांगानेर संभाग की मंत्री



11 जुलाई

## श्रीमती अमिता-श्री अशोक जैन

को वैवाहिक वर्षगांठ की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

शुभेच्छु

अध्यक्ष : शुकंतला बिंदायका

सचिव : सुनीता गंगवाल

कोषाध्यक्ष : उर्मिला जैन

दिगंबर जैन महिला महासमिति राजस्थान अंचल


# रो नेशनल पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप में अजमेर ने जीते 6 मेडल



रोहित जैन. शाबाश इंडिया

अजमेर। रो पावर लिफ्टिंग इंडिया के बैनर तले चौथा नेशनल पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 5, 6, 7 जुलाई 2024 को अग्रसेन वाटिका झालरापाटन में संपन्न हुई। इस प्रतियोगिता में पूरे भारत से करीब 300 खिलाड़ियों व 52 निर्णायकों ने भाग लिया। तीन दिवसीय प्रतियोगिता का शुभारंभ समाजसेवी राजेश पारीक जी के द्वारा फीता काट कर किया गया। रॉ पावर लिफ्टिंग राजस्थान के अध्यक्ष जयपाल सिंह रंधावा ने बताया कि नेशनल पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता में करीब 15 राज्यों के 312 खिलाड़ियों ने भाग लिया।इस प्रतियोगिता में अजमेर के खिलाड़ियों ने भी अपना दम कम दिखाया ।जिसमें फुल पावर लिफ्टिंग में नवनीत सिंह ने सिल्वर मेडल, डेड लिफ्ट में वैभव जायसवाल ने ब्रांच मेडल, उमंग गुर्जर और तनिष खंदाल ने सिल्वर मेडल , बेंच प्रेस में वैभव जायसवाल ने ब्रांच मेडल, तनिष खंदाल ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया ओर वही खिलाड़ी तनिष खंदाल का पूरा उत्तरदायित्व ऐप्नवेब टेक्नोलॉजीज एलएलपी द्वारा किया जा रहा है।

## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।


सम्पादकः राकेश जैन गोदिका
@ 94140 78380, 92140 78380

दैनिक ई-पेपर
शाबाश इंडिया
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com

# घटयात्रा के साथ शुरू हुआ दो दिवसीय वेदी निष्ठापन समारोह

**आगरा. शाबाश इंडिया**




समाधिस्थ आचार्य श्री मेरूभूषण जी महाराज के मंगल आशीर्वाद से दो दिवसीय श भव्य मंदिर जीर्णोद्धार हेतु निष्ठापन एवं अस्थाई विधि पर श्रीजी विराजमान एवं विश्व शांति महायज्ञ का आयोजन शुरू हो गया है जिसकी शुरूआत 10 जुलाई को ज्योति नगर सकल जैन समाज के तत्वावधान में भव्य घटयात्रा एवं ध्वजारोहण के साथ हुई जिसमें सौभाग्यशाली महिलाओं ने केसरिया साडीयो में मांगलिक द्रव्य से भरे मंगल कलश लेकर घटयात्रा में चल रही थी रास्ते में घटयात्रा का जगह-जगह स्वागत भी किया गयो घटयात्रा ज्योति नगर जैन मंदिर जी से शुरू होकर विभिन्न मार्गो से होते हुए श्री महावीर दिगंबर जैन मंदिर ज्योति नगर पहुंची। घटयात्रा के मंदिर पहुंचने पर सौभाग्यशाली भक्तों ने ध्वजारोहण कियो ध्वजारोहण के बाद प्रतिष्ठाचार्य सनतकुमार एवं विनोद जैन शास्त्री के कुशल निर्देशन में श्रीजी का अभिषेक एवं शांतिधारा देवाआज्ञा जाप अनुष्ठान वेदी शुद्धि की क्रियाएं संपन्न कीइसके बाद इंद्र-इंद्रणियों ने प्रतिष्ठाचार्य पंडित सनतकुमार एवं विनोद जैन शास्त्री के कुशल निर्देशन में मंत्रोच्चारण के साथ श्रीजी के समक्ष माडलें पर अर्घ्य अर्पित कर श्री शांतिनाथ विधान की मांगलिक क्रियाएं संपन्न की इस दौरान ज्योति नगर जैन समाज का उत्साह देखते ही बन रहा था कार्यक्रम संयोजक जितेन्द्र कुमार जैन ने बताया कि वेदी निष्ठापन महोत्सव के अंतिम दिन 11 जुलाई को प्रातः 7:00 बजे से श्रीजी का अभिषेक शान्तिधारा प्रातः 8.30 बजे से अस्थाई वेदी पर श्रीजी समोशरण सहित विराजमान एवं मंदिर जी की वेदी का निष्ठापन एवं विश्व शांति महायज्ञ के साथ संपन्न किया जाएगो इस अवसर पर पहलाद कुमार जैन,हरिओम जैन, जितेंद्र कुमार जैन,विमल जैन, राजेंद्र जैन,अनिल जैन,निखलेस जैन,सुनील जैन ठेकेदार राजेन्द्र जैन एडवोकेट, कमाल गोधा,निर्मल जैन मोठया, अशोक जैन,ऋषि जैन,अजित जैन, मनीष जैन देवेंद्र जैन,समस्त, ज्योति नगर अर्जुन नगर,वर्धमान नगर,इंद्रा कॉलोनी सकल जैन समाज के लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

रिपोर्टः शुभम जैन

# बी .एल .गोठी स्कूल की छात्रा विधिशा जैन बनी जैन आइडल

## गायन प्रतियोगिता में जीता खिताब, गोठी स्कूल में हुआ अभिनन्दन



**अमित गोधा. शाबाश इंडिया**

ब्यावर। श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति ब्यावर द्वारा संचालित भंवरलाल गोठी पब्लिक सीनियर सेकंडरी स्कूल की मात्र 13 वर्ष की छात्रा विधिशा जैन ने राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित गायन प्रतियोगिता में खिताब जीता।जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गनाइजेशन ने एक अखिल भारतीय स्तर की गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया था जिसमें देशभर से 1500 प्रतिभागियों ने भाग लिया था। पहले दो राउंड ऑनलाइन रखे गए जिसमें से मात्र 9 प्रतिभागियों का चयन फाइनल राउंड के लिए किया गया। गुजरात के सूरत में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में फाइनल राउंड में राजस्थान से एकमात्र प्रतिभागी विधिशा ने अपनी क्लासिकल गायिकी अंदाज में अपनी प्रस्तुति देकर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया।प्रतियोगिता में निर्णायकों ने विधिशा जैन को विजेता घोषित किया उन्हें 31000 रुपये का नकद पुरस्कार, मोमेंटो और स्वर्ण पदक प्रदान किया गया। श्री वर्द्धमान कन्या पीजी महाविद्यालय परिसर में भी विधिशा जैन के परिवार जन दादीजी आशा देवी, पिताजी आनंद जैन,माताजी धीरज जैन एवं बड़ी बहन अधीशा जैन का बुके देकर एवं माला पहना कर अभिनन्दन किया गया। इस अवसर पर श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति के मंत्री डॉ नरेन्द्र पारख ने इसे वर्द्धमान परिवार के साथ पूरे प्रदेश की उपलब्धि बताया एवं उन्होंने विदिशा के उज्वल भविष्य के प्रति मङ्गल कामना की।इस अवसर पर वर्द्धमान ग्रुप के निदेशक एवं कॉलेज प्राचार्य डॉ आर.सी.लोढ़ा, बी.एल.गोठी स्कूल की प्रिंसिपल डॉ निवेदिता पाठक, सीनियर व्याख्याता मेरी डेनियल एवं स्टाफ सदस्य मौजूद रहे। इससे पूर्व आज सुबह बी.एल.गोठी स्कूल परिसर में प्रार्थना सभा के दौरान विद्यालय की इस प्रतिभावान छात्रा स्कूल की प्रिंसिपल डॉ.निवेदिता पाठक द्वारा अभिनन्दन किया गया एवं स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा करतल ध्वनि से विशेष अभिवादन किया गया।

# पॉलिथीन फ़्री अभियान के अंतर्गत कपड़े के थैले बांटे-लायंस क्लब कोटा सेंट्रल बना अभियान का हिस्सा



**आजाद शेरवानी. शाबाश इंडिया**

कोटा।लायंस क्लब कोटा सेंट्रल द्वारा गौ माता संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत आज तलवंडी की सब्जी मंडी में सब्जी खरीदने वालों को कपड़े के बने हुए थैले दिए। अध्यक्ष मधु ललित बाहेती ने बताया कि सब्जी खरीदने और बेचने वालों दोनों को ही प्रेरित किया कि प्लास्टिक की थैली में सामान लेने, रखने से बीमारिया फैलती है, इधर उधर फेकने से गाय खाती है या ये नालियों को जाम करती है, इसलिए घर से कपड़े के थैले साथ में लेकर चलें इससे शहर भी साफ रहेगा और पर्यावरण संरक्षण में भी हम योगदान दे सकेंगे। रीजन चेयरमैन लायन दिनेश खुवाल, कॉर्डिनेटर लायन ललित बाहेती, लायन राजकुमार गुप्ता, लायन शील बिरला, लायन मधु बिरला, लायन वल्लभ मोहता, लायन रमा मोहता, लायन ममता विजय एवं लायन चंदा बरवाडिया इत्यादि ने सब्जी मंडी में 70 थैलों का वितरण किया।

# विद्याधर नगर में शान से चल रहा है एशियाड सर्कस

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

15 जून से जयपुर के विद्याधर नगर स्टेडियम में एशियाड सर्कस अपने कलाकारों की टीम के साथ जमकर मनोरंजन कर रहा है। एशियाड सर्कस जो कि जनता बेहद मांग पर 21 जुलाई तक विद्याधर नगर स्टेडियम में चलेगा, को देखने के लिए युवा, महिलाएं एवं बच्चे जमकर लुत्फ ले रहे हैं। सर्कस के कलाकारों के करतब एवं विदेशी कलाकारों द्वारा दिखाए गए करतब एवं डांस लोगों को काफी पसंद आ रहे हैं। जयपुर के विद्याधर नगर स्टेडियम में काफी टाइम बाद एशियाड सर्कस अपने पूरे साजों सामान के साथ मनोरंजन का खजाना लेकर आया है। सर्कस के संचालक का कहना है कि सर्कस के कलाकार दर्शकों को बोर नहीं होने देते। सर्कस में एक के बाद एक हैरतअंगेज खेल एवं करतब दिखाकर सर्कस के कलाकार लोगों को तालियां बजाने एवं हंसने-हँसाने पर मजबूर कर देते हैं। एशियाड सर्कस एयरकूल्ड, आधुनिक तम्बू में अपने दर्शकों को बैठने की व्यवस्था उपलब्ध करता है। जिसमें गर्मी से राहत के साथ हर आइटम को आरामदायक कुर्सियों पर बैठकर दर्शक आनंदपूर्वक मनोरंजन करते हैं। एशियाड सर्कस के संचालक का कहना है सर्कस में तराशे हुए कलाकारों द्वारा जमीन से 60 फिट हवाई झूला, रिंग डांस, फायर डांस, कलाकारों द्वारा स्टाइल से चलाते हुए साइकलों के करतब, छोटे-छोटे (बोने) कलाकारों की हंसी की फुहार, गोले में तीन-तीन मोटर साईकलों पर करतब दिखाते हुए कलाकार, अफ्रीकन कलाकारों द्वारा दिल छू लेने वाली जिम्नास्टिक एवं बच्चों और पूरे परिवार के लिए बहुत से मनोरंजक करतब जो दर्शकों की वाह वाही बटोरते हैं। उन्होंने बताया कि दर्शकों के लिए सर्कस समय रोजाना दोपहर 2 बजे, 5 बजे और शाम 8 बजे से रखा गया है। दर्शक काउंटर से एवं बुक माय शो व पे टीएम से अपने लिए एडवांस टिकिट ले सकते हैं।




## लायंस क्लब जयपुर मेट्रो कार्यसमिति स्थापना समारोह 14 जुलाई को

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

लायंस क्लब जयपुर मेट्रो के नये सत्र 2024-25 की कार्यसमिति का स्थापना समारोह Installation Ceremony रविवार, दिनांक 14 जुलाई को प्रातः 9 बजे से होटल फोर पोइंट्स बाई शेरेटन, जयपुर, सिटी स्क्वायर, टोंक रोड, जयपुर में रखा गया है। विमल गोलछा मानद सचिव ने बताया कि प्रातः 9.30 बजे तक कार्यक्रम में आने वाले व अंत तक रुकने वाले दो सदस्यों को लाटरी के माध्यम से उपहार दिया जाएगा। कार्यक्रम के संयोजक लॉयन डॉ. महेश जैन एवं समन्वयक लॉयन सुरेन्द्र जैन पांड्या को बनाया गया है।

## श्री वर्द्धमान कन्या पी.जी. महाविद्यालय के परिसर में किया गया सघन वृक्षारोपण




**अमित गोधा. शाबाश इंडिया**

**ब्यावर।** श्री वर्द्धमान कन्या पी.जी. महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ.आर.सी. लोढा के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा के आदेशानुसार सघन वृक्षारोपण कार्यक्रम के क्रम में मानसून सत्र के दौरान पौधारोपण किया गया। महाविद्यालय परिसर में तथा चार दीवारी के बाहर विभिन्न पौधे यथा अशोक, फाइक्स, कनेर, चांदनी आदि का रोपण कार्य किया गया। एन.एस.एस. अधिकारी श्रीमती प्रीति शर्मा ने वृक्षों को वर्तमान जीवन में संजीवनी तुल्य बताते हुए सेविकाओं को पौधों के आरोपण एवं संरक्षण हेतु प्रेरित किया। प्राचार्य डॉ. आर.सी.लोढा ने अपने उद्बोधन में कहा कि वृक्ष ही हमारे जीवन का आधार है। कोरोना महामारी तथा वर्तमान ग्लोबल वार्मिंग के भीषण दौर में वृक्ष हमारे जीवन में माता-पिता की तरह सुरक्षा कवच बन कर अपना महत्व हर क्षण प्रकट कर रहे हैं।

## मानसून सीजन में लॉयन्स क्लब डायमंड ने पौधे रोपे



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

लॉयन्स क्लब जयपुर डायमंड ने मानसून सीजन में विभिन्न स्कूल, अस्पताल परिसर में पौधारोपण अभियान की शुरूआत सांगानेर के सुबोध गर्ल्स बीएड कॉलेज से की। क्लब अध्यक्ष लॉयन अजय डोगरा व सचिव ममता पंचोली ने बताया कि एक पौधा मां के व देश के नाम अभियान के तहत 1000 विभिन्न प्रजाति के पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। समन्वयक अनिल बाफना ने बताया कि पौधारोपण अभियान मे विशेष रूप से संस्थापक अध्यक्ष सुधीर जैन गोधा, सलाहाकार अजय अग्रवाल, मेंबरशिप कमेटी चेयरमैन रमेश गुप्ता, कोषाध्यक्ष प्रीति सक्सेना, लायन तेजेंद्र गर्ग, डॉक्टर राजीव वशिष्ठ, डॉक्टर राजेश पाठक, सुनील बियोट्रा, लॉयन मनीष, कॉलेज प्रिंसिपल व बड़ी संख्या में कॉलेज स्टाफ व लायन सदस्य उपस्थित थे।